CAREERINDIA

# PAPER-II
# LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) _______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) _______________________________

**D 5 5 1 4**

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

Time : **1 $^{1}/_{4}$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.careerindia.com

# LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Who identified the basic elements of work known as 'therbligs' ?

(A) Henry L. Gantt (B) Frank B. Gilbreth

(C) F.W. Taylor (D) All of the above

**2.** Who among the following concluded that the factory was a social system and informal groups at work place play a vital role in industrial affairs ?

(A) Elton Mayo (B) Henry Fayol

(C) Blake and Mouton (D) Herzberg

**3.** Arrange the steps of decision making process in the correct sequence :

a. analysis of alternatives

b. identification of decision criteria

c. implementation of alternative

d. identification of problem

e. selection of alternative

(A) d, b, a, e, c (B) d, a, b, e, c

(C) d, a, b, c, e (D) d, a, e, b, c

**4.** Departmentation is

a. structuring work to accomplish organisational goals

b. visual display of organisation structure

c. grouping of jobs on some basis

d. arranging jobs in a hierarchy

(A) a and b only (B) b and c only

(C) a only (D) c only

# श्रम कल्याण और औद्योगिक संबंध

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** कार्य के मूल तत्त्वों, जो 'थर्बलिग्स' के नाम से जाने जाते हैं, की पहचान किसने की ?

(A) हेनरी एल. गैन्ट
(B) फ्रैंक बी. गिल्ब्रेथ
(C) एफ.डब्ल्यू. टेलर
(D) उपरोक्त सभी

**2.** निम्नलिखित में से किसने निष्पादित किया कि कारखाना एक सामाजिक प्रणाली था और औद्योगिक मामलों में कार्यस्थल पर अनौपचारिक समूह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं ?

(A) एल्टन मायो
(B) हेनरी फेयोल
(C) ब्लेक एंड माउटन
(D) हर्ज़बर्ग

**3.** निर्णय लेने की प्रक्रिया के चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) विकल्पों का विश्लेषण
(b) निर्णय मानदंड की पहचान
(c) विकल्प का कार्यान्वयन
(d) समस्या की पहचान
(e) विकल्प का चयन

**कोड** :

(A) d, b, a, e, c
(B) d, a, b, e, c
(C) d, a, b, c, e
(D) d, a, e, b, c

**4.** विभागीकरण है :

(a) संगठनात्मक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्य-नियमीकरण
(b) संगठन संरचना का दृश्य प्रदर्शन
(c) किसी आधार पर नौकरियों का समूहीकरण
(d) पदानुक्रम में नौकरियों को व्यवस्थित करना

**कोड** :

(A) केवल a और b
(B) केवल b और c
(C) केवल a
(D) केवल c

**5.** The tendency of people to expend less effort when working collectively than when working individually is called

(A) Social loafing (B) Socialising

(C) Adjourning (D) Social action

**6.** Personnel Management is essentially a

(A) Matrix function (B) Line function

(C) Staff function (D) Line & staff function

**7.** Which of the following comes under the scope of line and staff relationship ?

(A) The relationship between works manager and maintenance engineer

(B) The relationship between works manager and personnel manager

(C) The relationship between personnel manager and development engineer

(D) The relationship between the public relation officer and the public

**8.** The broad statement of the duties and responsibilities of a Job or position is called

(A) Job description (B) Job specification

(C) Job analysis (D) Job evaluation

**9.** The function of attracting, acquiring and inducting Human Resources in an organisation is called

(A) Selection (B) Recruitment

(C) Staffing (D) Training and Placement

**10.** Wage Boards Fix wages for employees at

(A) Regional level (B) Plant level

(C) National level (D) Industry level

**11.** Which of the following is not a Simulation Technique of development ?

(A) In-basket (B) Case study

(C) Sensitivity Training (D) Management Games

5. वैयक्तिक रूप से कार्य करने की तुलना में सामूहिक रूप से कार्य करने में कम मेहनत करने की लोगों की प्रवृत्ति कहलाती है

(A) सोशल लोफिंग (B) सोशलाइजिंग

(C) ऐडजर्निंग (D) सोशल ऐक्शन

6. कार्मिक प्रबंधन अनिवार्यत: क्या है ?

(A) मैट्रिक्स फंक्शन (B) लाइन फंक्शन

(C) स्टाफ फंक्शन (D) लाइन एंड स्टाफ फंक्शन

7. निम्नलिखित में से कौन सा लाइन एंड स्टाफ संबंध के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आता है ?

(A) कार्य प्रबंधक और अनुरक्षण अभियंता के बीच संबंध

(B) कार्य प्रबंधक और कार्मिक प्रबंधक के बीच संबंध

(C) कार्मिक प्रबंधक और विकास अभियंता के बीच संबंध

(D) जन संपर्क अधिकारी और जनता के बीच संबंध

8. एक नौकरी अथवा पद के कर्तव्यों और उत्तर दायित्वों का व्यापक कथन कहलाता है

(A) कार्य विवरण (B) कार्य विशेषज्ञता

(C) कार्य विश्लेषण (D) कार्य मूल्यांकन

9. एक संगठन में मानव संसाधनों को आकर्षित करने, अर्जित करने और पदासीन करने का कार्य कहलाता है

(A) चयन (B) नियोजन

(C) कर्मचारी भर्ती (D) प्रशिक्षण और नियोजन

10. मजदूरी बोर्ड कर्मचारियों के लिए मजदूरी किस स्तर पर निश्चित करते हैं ?

(A) क्षेत्रीय स्तर पर (B) संयंत्र स्तर पर

(C) राष्ट्रीय स्तर पर (D) उद्योग स्तर पर

11. निम्नलिखित में से कौन सी विकास की अनुरूपण तकनीक नहीं है ?

(A) इन-बास्केट (B) केस स्टडी

(C) सेन्सिटिविटी ट्रेनिंग (D) मैनेजमेन्ट गेम्स

CAREERINDIA

**12.** Match the following Expression with the Ego states mentioned against them :

| **Expression** | | **Ego States** | |
|---|---|---|---|
| a. | Rationality | i. | Parent |
| b. | Fantasizing | ii. | Child |
| c. | Demonstrating | iii. | Adult |

**Codes :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii |
| (B) | ii | i | iii |
| (C) | iii | ii | i |
| (D) | i | iii | ii |

**13.** Selectivity in responding to information that is in conformity with one's own feeling, is because of

(A) Cognitive Dissonance
(B) Perceptual Defence
(C) Filtering
(D) Mis-perception

**14.** When one group's performance depends on another group's performance, it may result into inter-group conflict. Such dependence is described as :

(A) Pooled interdependence
(B) Classical interdependence
(C) Reciprocal interdependence
(D) Sequential interdependence

**15.** The act of an organization which 're-examines its organisational structures, systems and procedures from time to time, even when the organisation is successful and has no problems necessitating such examination' is known as :

(A) Performance Appraisal System
(B) Counteracting system
(C) Self-renewal system
(D) Development system

CAREERINDIA

12. निम्नलिखित अभिव्यक्तियों को उनके सामने इंगित अहम् की अवस्था के साथ सुमेलित करें :

| **अभिव्यक्तियाँ** | | **अहम् की अवस्थाएँ** | |
|---|---|---|---|
| a. | विवेकशीलता | i. | माता-पिता |
| b. | रचनात्मक कल्पना करना | ii. | बच्चा |
| c. | प्रदर्शित करना | iii. | वयस्क |

**कोड :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii |
| (B) | ii | i | iii |
| (C) | iii | ii | i |
| (D) | i | iii | ii |

13. सूचना की प्रतिक्रिया में चयनात्मकता, जो कि किसी की स्वयं की अनुभूति के अनुरूप होती है, ऐसा किसके कारण है ?

(A) संज्ञानात्मक असंगति
(B) प्रत्यक्षणात्मक प्रतिपक्ष
(C) निस्यंदन
(D) अप्रत्यक्षण

14. जब एक समूह की उपलब्धि दूसरे समूह की उपलब्धि पर आश्रित होती है, तो यह अन्तर समूह टकराव उत्पन्न कर सकता है । इस तरह की आश्रितता वर्णित होती है

(A) साझा अन्योन्याश्रय
(B) क्लासिकल अन्योन्याश्रय
(C) पारस्परिक अन्योन्याश्रय
(D) आनुक्रमिक अन्योन्याश्रय

15. एक संगठन का कार्य जो 'इसकी संगठनात्मक संरचनाओं, प्रणालियों और कार्य पद्धति का समय-समय पर पुनर्परीक्षण करता है, तब भी जब संगठन सफल है और इस तरह के परीक्षण की बाध्यकारी स्थिति भी न हो', जाना जाता है

(A) उपलब्धि मूल्यांकन प्रणाली
(B) प्रतिकारी प्रणाली
(C) स्वयं-नवीकरण प्रणाली
(D) विकास प्रणाली

CAREERINDIA

**16.** Match the following theories and the scientists who propounded them :

| **List – A (Theories)** | | **List – B (Scientists)** | |
|---|---|---|---|
| I. | Two Factor Theory | a. | Adolf Alderfer |
| II. | Achievement Motivation Theory | b. | Murray |
| III. | Manifest Need Theory | c. | Frederic Hertzberg |
| IV. | ERG Theory | d. | David McClelland |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | b | a |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | c | d | b | a |
| (D) | a | d | c | b |

**17.** Which of the following sequence of group development process is correct ?

I. Performing
II. Norming
III. Forming
IV. Storming
V. Adjourning

**Codes :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | V | I | II | IV | III |
| (B) | III | IV | II | I | V |
| (C) | III | I | II | V | IV |
| (D) | I | V | III | II | IV |

**18.** **Assertion (A) :** The content Theories of Motivation assume a direct relationship between Job Satisfaction and improved performance.

**Reason (R) :** Job satisfaction does not necessarily lead to work performance.

(A) (A) is true, (R) is false.

(B) (A) is false, (R) is true.

(C) Both(A) and (R) are true. (R) is not the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are false. (R) is the correct explanation of (A).

**16.** निम्नलिखित सिद्धांतों और वैज्ञानिकों, जिन्होंने उन्हें प्रस्तुति किया, को सुमेलित करें :

| **सूची 'A'** | | **सूची 'B'** | |
|---|---|---|---|
| **सिद्धांत** | | **वैज्ञानिक** | |
| I. | टू फैक्टर सिद्धांत | a. | एडॉल्फ एल्डरफर |
| II. | एचीवमेन्ट मोटीवेशन सिद्धांत | b. | मरे |
| III. | मैनीफेस्ट नीड सिद्धांत | c. | फ्रेडरिक हर्ट्ज़बर्ग |
| IV. | ई.आर.जी. सिद्धांत | d. | डेविड मैक् क्लीलैण्ड |

**कोड :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | b | a |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | c | d | b | a |
| (D) | a | d | c | b |

**17.** समूह विकास प्रक्रिया का निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है ?

(I) परफार्मिंग

(II) नॉर्मिंग

(III) फॉर्मिंग

(IV) स्टॉर्मिंग

(V) एडजॉर्निंग

**कूट :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | V | I | II | IV | III |
| (B) | III | IV | II | I | V |
| (C) | III | I | II | V | IV |
| (D) | I | V | III | II | IV |

**18.** **अभिकथन (A) :** अभिप्रेरणा के संतुष्टि सिद्धांत में कार्य संतुष्टि और बेहतर कार्य निष्पादन के बीच प्रत्यक्ष संबंध माना गया है ।

**कारण (R) :** कार्य संतुष्टि अनिवार्यत: कार्य निष्पादन में परिणत नहीं होता ।

(A) (A) सही है, (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं । (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं । (R), (A) की सही व्याख्या है ।

CAREERINDIA

**19.** When people give 'Cause and Effect explanation' to their behaviour, it is called

(A) Closure (B) Stereotyping

(C) Attribution (D) Inference

**20.** The term "Blind Spot" in the Johari Window refers to

(A) The 'Public self' which is known to others as well as to oneself.

(B) The 'self' which is known to others but not to oneself.

(C) The 'self' which is neither known to others nor to oneself.

(D) The motives, feelings, etc. which are known to oneself.

**21.** Which approach to industrial relations aims to combine social stability with adaptability and freedom ?

(A) Classical approach (B) Neo-classical approach

(C) Pluralistic approach (D) Social action approach

**22.** Which of the following statements about the Marxist approach to industrial relations is not correct ?

(A) It sees industrial conflict as synonymous with political and social conflicts.

(B) It considers pluralism as a mere illusion.

(C) It believes that capitalism cannot continue to maintain itself only by lowering the standard of living of the working class.

(D) It favours transformation of trade unions into revolutionary organisations.

**23.** Disputes that arise out of deadlocks in negotiations for a collective agreement are popularly known as

(A) Grievance Disputes (B) Interest Disputes

(C) Recognition Disputes (D) Unfair Labour Practice Disputes

**24.** In India, strikes in contravention of the provisions of which section(s) of the Industrial Disputes Act, are illegal ?

(A) Section 22 (B) Section 23

(C) Section 24 (D) All the above sections.

**19.** जब लोग अपने व्यवहार के लिए 'कारण और प्रभाव व्याख्या देते है', यह कहलाता है

(A) संवरण (B) रूढ़िबद्धता

(C) आरोपण (D) निष्कर्ष

**20.** जोहारी विन्डो में 'ब्लाइंड स्पॉट' पद किससे संबंधित है ?

(A) 'पब्लिक सेल्फ' जो औरों और स्वयं को भी मालूम है ।

(B) 'सेल्फ' जो औरों को मालूम है लेकिन स्वयं को नहीं ।

(C) 'सेल्फ' जो न तो औरों को मालूम है और न ही स्वयं को ।

(D) प्रयोजन, अनुभूति आदि जो स्वयं को मालूम हैं ।

**21.** औद्योगिक संबंधों के किस उपागम का उद्देश्य सामाजिक स्थायित्व के साथ अनुकूलनशीलता और स्वतंत्रता को सम्मिलित करना है ?

(A) शास्त्रीय उपागम (B) नव-शास्त्रीय उपागम

(C) बहुवादी उपागम (D) सामाजिक क्रिया उपागम

**22.** औद्योगिक संबंधों के मार्क्सवादी दृष्टिकोण के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन सा सही नहीं है ?

(A) यह राजनैतिक और सामाजिक संघर्षों के साथ औद्योगिक संघर्ष को समानार्थी देखता है ।

(B) यह बहुवाद को केवल भ्रम की तरह मानता है ।

(C) यह मानता है कि पूँजीवाद केवल श्रमिक वर्ग के जीवन स्तर में गिरावट लाकर स्वंय को चला नहीं सकता ।

(D) यह श्रमिक संघों के क्रांतिकारी संगठनों में रूपान्तरण का पक्षधर है ।

**23.** विवाद जो सामूहिक समझौते की संधिवार्ता में गतिरोध उत्पन्न करते हैं, सामान्यतया जाने जाते हैं

(A) शिकायत विवाद (B) हित विवाद

(C) अभिज्ञान विवाद (D) अनुचित श्रम व्यवहार विवाद

**24.** भारत में हड़ताल औद्योगिक विवाद अधिनियम की किन धाराओं के उल्लंघन के अंतर्गत गैरकानूनी है ?

(A) धारा 22 (B) धारा 23

(C) धारा 24 (D) उपरोक्त सभी धाराएँ

**25.** Which of the following statements about a conciliation officer is not correct ?

(A) He/she has no authority to pass a final order directing the parties to a dispute to act in a particular manner.

(B) He/she shall be deemed to be a public servant within the meaning of Section 21 of the Indian Penal Code.

(C) The appropriate government cannot appoint a conciliation officer for specified industries in a specified area.

(D) It is mandatory for the conciliation officer to hold conciliation proceedings if a dispute relates to a public utility service and a notice has been given.

**26.** Who emphasised that the trade union movement had emerged as labour's reaction to the dominance of the machine in modern society ?

(A) G.D.H. Cole (B) Selig Perlman

(C) Karl Marx (D) Frank Tannenbaum

**27.** Any Union that caters to all employees working in a variety of industries under one owner located at the same place is categorised as

(A) Primary union of industrial type

(B) Primary union of general type

(C) Primary union of craft type

(D) Region-cum-industrial level union

**28.** Arrange the following trade union federations on the basis of their year of emergene from the earliest to the latest :

(a) CITU (b) UTUC

(c) AITUC (d) INTUC

(e) BMS

**Codes :**

(A) c, d, b, e, a (B) a, e, b, d, c

(C) d, c, b, e, a (D) c, b, d, a, e

25. निम्नलिखित कथनों में कौन सा कन्सीलिएशन अधिकारी के संदर्भ में सही नहीं है ?

(A) उसके पास विवाद के पक्षकारों को किसी विशेष प्रकार के कार्य करने के निर्देश देने का अंतिम आदेश पारित करने का अधिकार नहीं होता ।

(B) वह भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अंतर्गत लोक सेवक माना जायेगा ।

(C) उपयुक्त सरकार विनिर्दिष्ट क्षेत्र में विनिर्दिष्ट उद्योगों हेतु कन्सीलिएशन अधिकारी नियुक्त नहीं कर सकती ।

(D) कन्सीलिएशन अधिकारी के लिए यह अनिवार्य है कि कन्सीलिएशन प्रक्रिया बनाए रखे यदि विवाद लोक उपयोगी सेवा से संबंधित है और नोटिस दिया गया है ।

26. किसने बल दिया कि श्रमिक संघ आंदोलन की उत्पत्ति आधुनिक समाज में मशीनों की प्रधानता पर श्रमिकों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई ?

(A) जी.डी.एच. कोल (B) सेलिग पर्लमैन

(C) कार्ल मार्क्स (D) फ्रैंक टननेबाम

27. कोई संघ जो एक ही स्थान पर स्थित एक मालिक के अधीन विभिन्न उद्योगों में काम कर रहे सभी कर्मचारियों की देखरेख करता है, श्रेणीबद्ध किया जाता है

(A) औद्योगिक प्रकार का प्राथमिक संघ (B) सामान्य प्रकार का प्राथमिक संघ

(C) शिल्प प्रकार का प्राथमिक संघ (D) क्षेत्र-सह-औद्योगिक स्तर संघ

28. निम्नलिखित श्रमिक संघ महासंघों को उनके आविर्भाव वर्ष के आधार पर प्रारंभिक से नवीनतम के क्रम में व्यवस्थित करें :

(a) सीटू (CITU) (b) यूटक (UTUC)

(c) एटक (AITUC) (d) इंटक (INTUC)

(e) बी.एम.एस.

**कूट :**

(A) c, d, b, e, a (B) a, e, b, d, c

(C) d, c, b, e, a (D) c, b, d, a, e

**29.** Which of the following statements is/are true about trade unionism in India ?

a. It had moorings in the freedom struggle.

b. It had received patronage from employers.

c. It originated due to workers' demands.

d. It originated due to imperatives of tripartite representation in the ILO.

**Codes :**

(A) Only a  (B) a and b

(C) a, c, d  (D) a, b, d

**30.** The 'Socialist Manifesto' for converting capitalist economy into a mixed economy was developed by

(A) Karl Marx  (B) G.D.H. Cole

(C) William Baveridge  (D) Sidney and Beatrice Webbs

**31.** The enactment of the Equal Remuneration Act, 1976 is associated with which of the following conventions of the ILO ?

(A) Convention No. 111, 1958  (B) Convention No. 100, 1951

(C) Convention No. 123, 1975  (D) Convention No. 118, 1964

**32.** The valuation of the assets and liabilities of the ESI corporation shall have to be made at an interval of

(A) Two years  (B) Five years

(C) Four years  (D) Three years

**33.** When a conciliation proceeding relating to an industrial dispute ends without reaching a settlement, then under which of the following conditions it is deemed that conciliation proceeding has been concluded ?

(A) When the conciliation officer concludes the proceedings.

(B) When the conciliation officer submits the report to the appropriate Government.

(C) When the report of the conciliation officer is received by the appropriate Government.

(D) When the industrial dispute is referred to the Labour Court/Industrial Tribunal.

**29.** निम्नलिखित में से कौन से कथन भारत में श्रमिक संघ के बारे में सही हैं ?

(a) इसने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी जड़े जमायी ।

(b) इसने नियोजकों द्वारा संरक्षण प्राप्त किया है ।

(c) इसकी उत्पत्ति श्रमिकों की मांगों के कारण हुई ।

(d) इसकी उत्पत्ति आइ.एल.ओ. में त्रिपक्षीय प्रतिनिधित्व के आदेश के कारण हुई ।

**कूट** :

(A) केवल a (B) a और b

(C) a, c, d (D) a, b, d

**30.** पूँजीवादी अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए 'समाजवादी घोषणा-पत्र' किसके द्वारा विकसित किया गया ?

(A) कार्ल मार्क्स (B) जी.डी.एच. कोल

(C) विलियम बेवरिज (D) सिडनी और बीट्रिस वेब्स

**31.** समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, लागू किया जाना आइ.एल.ओ. के किस कंवेंशन से संबंधित है ?

(A) कंवेंशन संख्या 111, 1958 (B) कंवेंशन संख्या 100, 1951

(C) कंवेंशन संख्या 123, 1975 (D) कंवेंशन संख्या 118, 1964

**32.** इ.एस.आई. कॉर्पोरेशन की परिसम्पत्ति और देनदारी का मूल्य-निर्धारण हर ________ के अंतराल पर करना अनिवार्य है ।

(A) दो वर्षों (B) पाँच वर्षों

(C) चार वर्षों (D) तीन वर्षों

**33.** किसी औद्योगिक विवाद से संबंधित सुलह की कार्रवाई जब बिना किसी निपटारे के समाप्त हो जाय तब निम्नलिखित में से किस शर्त के पूरा होने पर यह मान लिया जाता है कि सुलह की कार्रवाई पूरी हो गई ?

(A) जब सुलह-अधिकारी कार्रवाई को संपन्न करता है ।

(B) जब सुलह-अधिकारी समुचित सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है ।

(C) जब सुलह-अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट समुचित सरकार द्वारा प्राप्त की जाती है ।

(D) जब औद्योगिक विवाद को श्रम न्यायालय/औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजा जाता है ।

CAREERINDIA

**34.** Which of the following statements relating to Labour legislation is not true ?

(A) It seeks to regulate the balance of power in the relationship between the employers and the Government.

(B) It aims to improve living conditions of the workers and their family members.

(C) It has implications for promoting labour efficiency.

(D) It protects minimum labour standards and improves working conditions.

**35.** Under the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972, employees working in a seasonal establishment and who have not been employed throughout the year, the employers shall be paid gratuity at the rate of

(A) 10 days of wages for every year (B) 10 days of wags for every season

(C) 15 days of wages for every year (D) 7 days of wages for every season

**36.** Under the Factories Act, 1948, the spread over period including rest interval in a day for an adult worker should not normally exceed

(A) 10 ½ hours (B) 11 hours

(C) 12 hours (D) 11 ½ hours

**37.** Which of the following conditions relating to claims under the Minimum Wages Act, 1948 is not true ?

(A) The authority to hear and decide for all claim cases shall be appointed by the appropriate Government.

(B) Any legal practitioner with a written authorisation from the concerned employee can make a claim application on behalf of the employer.

(C) Any claim application shall have to be presented within one year from the date on which minimum wages became payable.

(D) The Inspector with permission of the Authority appointed under the Act, can make a claim application for an employee.

**38.** What is the minimum amount of bonus payable to an adult employee during an accounting year ?

(A) ₹ 1000 (B) ₹ 100

(C) ₹ 833 (D) ₹ 750

**34.** श्रम विधान के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) यह, नियोक्ताओं और सरकार के बीच संबंध में शक्ति-संतुलन को नियंत्रित करने का प्रयास करता है ।

(B) इसका उद्देश्य श्रमिकों और उसके परिवार के सदस्यों के जीवन-स्तर में सुधार लाना है ।

(C) श्रम-दक्षता को बढ़ाने में इसकी विवक्षा है ।

(D) यह न्यूनतम श्रम मानकों की रक्षा करता है और कार्य परिस्थितियों में सुधार लाता है ।

**35.** पेमेंट ऑफ ग्रैच्युइटी ऐक्ट, 1972 के प्रावधान के अधीन, मौसमी प्रतिष्ठान में काम करने वाले कर्मचारियों, जो वर्ष-पर्यंत रोजगार में नहीं रहे, को ग्रैच्युइटी का भुगतान किस दर से किया जाएगा ?

(A) प्रत्येक वर्ष के लिए 10 दिनों की मजदूरी

(B) प्रत्येक मौसम के लिए 10 दिनों की मजदूरी

(C) प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों की मजदूरी

(D) प्रत्येक मौसम के लिए 7 दिनों की मजदूरी

**36.** कारखाना अधिनियम, 1948 के अधीन, वयस्क कर्मियों के लिए विश्रांति अंतराल को मिलाकर विस्तारित समय सामान्यत: __________ से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(A) 10 ½ घंटे (B) 11 घंटे

(C) 12 घंटे (D) 11 ½ घंटे

**37.** न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अधीन किए गए दावे के बारे में निम्नलिखित में से कौन सी शर्त सही नहीं है ?

(A) दावों के सभी मामलों की सुनवाई करने और उन पर निर्णय लेने के लिए समुचित सरकार द्वारा प्राधिकारी की नियुक्ति की जाएगी ।

(B) संबंधित कर्मचारी द्वारा लिखित रूप से अधिकृत कोई अधिवक्ता कर्मचारी की ओर से दावा-आवेदन दाखिल कर सकता/सकती है ।

(C) न्यूनतम मजदूरी के देय होने के दिन से एक वर्ष के अंदर ही कोई दावा-आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है ।

(D) अधिनियम के अधीन नियुक्त प्राधिकारी की अनुमति से निरीक्षक द्वारा दावा-आवेदन दिया जा सकता है ।

**38.** एक लेखा वर्ष की अवधि में एक वयस्क कर्मचारी को बोनस की न्यूनतम देय राशि कितनी होती है ?

(A) ₹ 1000 (B) ₹ 100

(C) ₹ 833 (D) ₹ 750

**39.** What is the maximum amount of fine that can be imposed on an employee in a wage period under the Payment of Wags Act, 1936 ?

(A) Three percent of wage (B) Five percent of wage

(C) Ten percent of wage (D) Eight percent of wage

**40.** Who among the following 'relatives' of a deceased employee are dependants under the Employees' Compensation Act, 1923 ?

i. Widowed mother

ii. a widower

iii. a minor child of a predeceased daughter

iv. a paternal grandparent

(A) Both i and iv (B) i, ii and iii

(C) Both ii and iv (D) Both i and ii

**41.** **Assertion (A) :** Labour Welfare is not social work being its result but an area of social work.

**Reason (R) :** As labour too needs the enabling help of social work professional, social work is no trespasses in the realms of labour welfare.

(A) (A) is right, (R) is wrong.

(B) (A) is wrong, (R) is right.

(C) (A) and (R) are wrong.

(D) (A) is right and (R) explains the (A).

**42.** Which of the following statements about 'housekeeping' is/are true ?

a. It believes in "a place for everything and everything in its place" principle.

b. It is a culture of maintaining cleanliness.

c. It is a system of arranging materials in order of their importance and frequency of use.

d. It talks about the infrastructural facilities provided by the organisation.

**Codes :**

(A) a, c (B) a, b

(C) a, b, c (D) a, b, c, d

CAREERINDIA

**39.** मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के अधीन एक मजदूरी अवधि में किसी कर्मचारी पर कितना अधिकतम जुर्माना लगाया जा सकता है ?

(A) मजदूरी का तीन प्रतिशत
(B) मजदूरी का पाँच प्रतिशत
(C) मजदूरी का दस प्रतिशत
(D) मजदूरी का आठ प्रतिशत

**40.** एक मृत कर्मचारी के निम्नलिखित में से किन संबंधियों को प्रतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अधीन आश्रित माना जाएगा ?

(i) विधवा माता
(ii) विधुर
(iii) मृत पुत्री की नाबालिग संतान
(iv) दादा-दादी

**कूट :**

(A) (i) और (iv) दोनों
(B) (i), (ii) तथा (iii)
(C) (ii) तथा (iv) दोनों
(D) (i) तथा (ii) दोनों

**41.** **अभिकथन (A) :** श्रम कल्याण का परिणाम समाज कार्य नहीं बल्कि यह समाज कार्य का एक क्षेत्र है ।

**कारण (R) :** चूँकि एक श्रमिक को भी सामाजिक कार्यकर्त्ता की समर्थकारी सहायता की आवश्यकता होती है, समाज कार्य, श्रम कल्याण के क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करता ।

(A) (A) सही है, (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, (R) सही है ।
(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(D) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

**42.** हाउस कीपिंग के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा / से कथन सही नहीं है / हैं ?

(a) यह, "हर वस्तु के लिए स्थान और हर वस्तु यथा स्थान" के सिद्धांत पर विश्वास करता है ।
(b) यह, स्वच्छता बनाये रखने की संस्कृति है ।
(c) यह, सामग्रियों को उनके महत्त्व तथा उपयोग की आवृत्ति के क्रम में व्यवस्थित करने की पद्धति है ।
(d) यह संगठन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली आधारभूत सुविधाओं की चर्चा करता है ।

**कूट :**

(A) a, c
(B) a, b
(C) a, b, c
(D) a, b, c, d

CAREERINDIA

**43.** Examines the following statements about industrial accidents and safety management. Indicate the one which is not relevant.

(A) Accident Proneness is a behavioural and attitudinal problem that some employees suffer from.

(B) Safety consciousness is not a trainable trait.

(C) Safety in industry can improve if the provisions laid down in the Factories Act, 1948 or any such relevant law are strictly followed.

(D) "Accidents do not just happen but are caused" is only partly true.

**44.** Match the following principles of labour welfare with the relevant themes :

| Principle | | Theme |
|---|---|---|
| a. Principle of coordination | i. | Delegation of authority to the committees |
| b. Principle of association | ii. | Avoiding procrastination in welfare work. |
| c. Principle of responsibility | iii. | Avoiding piecemeal approach to labour welfare and adopting a total perspective. |
| d. Principle of timeliness | iv. | Eliciting the participation and collaboration of workers and their representatives. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**45.** Which of the following is an example of 'extra-mural' labour welfare ?

a. Co-operative credit society

b. Recreation facility

c. Library and Reading Rooms

d. Shelters and Rest Rooms

**Codes :**

(A) b and c

(B) a, b and c

(C) b, c and d

(D) c and d

CAREERINDIA

**43.** औद्योगिक दुर्घटना एवं सुरक्षा प्रबंधन के विषय में निम्नलिखित कथनों की जाँच करें और जो प्रासंगिक नहीं है उसे बतलाएँ :

(A) दुर्घटना संभाविता एक व्यवहारपरक और मनोवृत्तिपरक समस्या है जिससे कुछ कर्मचारी ग्रसित होते हैं ।

(B) सुरक्षा सचेतना एक प्रशिक्षणीय विशेषता नहीं है ।

(C) उद्योग में सुरक्षा बढ़ सकती है यदि कारखाना अधिनियम, 1948 या ऐसे अन्य कानून के प्रावधानों का कठोरता से अनुसरण किया जाय ।

(D) "दुर्घटनाएँ वैसे ही नहीं हो जाती है, वे की जाती है" – यह आंशिक रूप से सही है ।

**44.** निम्नलिखित श्रमिक कल्याण सिद्धांतों को संबद्ध विषयों के साथ सुमेलित करें :

| | **सिद्धांत** | | **विषय** |
|---|---|---|---|
| a. | समन्वयन का सिद्धांत | i. | समितियों को प्राधिकार का प्रत्यायोजन |
| b. | साहचर्य का सिद्धांत | ii. | कल्याण कार्य में विलम्ब से बचना |
| c. | उत्तरदायित्व का सिद्धांत | iii. | श्रमिक कल्याण के खण्डश: दृष्टिकोण से बचना और समग्र परिप्रेक्ष्य का अंगीकार करना |
| d. | समयबद्धता का सिद्धांत | iv. | श्रमिकों और उनके प्रतिनिधियों की सहभागिता और सहयोग प्रकाश में लाना |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**45.** निम्नलिखित में से कौन सा 'एक्स्ट्रा-म्यूरल' श्रमिक कल्याण का उदाहरण है

(a) सहकारी ऋण समिति
(b) मनोरंजन सुविधा
(c) पुस्तकालय और पठन कक्ष
(d) आश्रय और विश्राम कक्ष

**कोड :**

(A) b और c
(B) a, b और c
(C) b, c और d
(D) c और d

CAREERINDIA

**46.** Match the following concepts of labour with the relevant theme :

| | **Concept of Labour** | | **Theme** |
|---|---|---|---|
| a. | Commodity concept of Labour | i. | Labour regarded by the employer largely as operating organizations in industry. |
| b. | Machinery concept of Labour | ii. | Labour has right to be consulted in regard to the terms and conditions under which they are supposed to work. |
| c. | Goodwill concept of Labour | iii. | Labour is affected by the law of supply and demand. |
| d. | Citizenship concept of Labour | iv. | Paternalistic approach towards labour by the employers. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | ii | iv | iii | i |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**47.** Which of the following is not a feature of labour market ?

(A) It is essentially local in character.

(B) It is not monopolistic.

(C) It is less mobile compared to commodity and capital markets.

(D) Monospony in the labour market is less common than monopoly.

**48.** Which of the following theories of wages is called as the 'Iron Law of Wages' ?

(A) Subsistence Theory

(B) The Standard of Living Theory

(C) The Wage Fund Theory

(D) The Residual Claimant Theory

**49.** Which of the following is not a factor that creates wage differentials ?

(A) Differences due to existence of non-competing groups.

(B) Non-equalizing differences

(C) Differences in Labour Quality

(D) Labour Market Perfections

**50.** On what basis the money wage can be converted into real wages ?

(A) Consumer Price Index

(B) Wholesale Price Index

(C) Retail Price Index

(D) Money Exchange Rate

**46.** निम्नलिखित श्रम की संकल्पना को संबद्ध विषय के साथ सुमेलित करें :

| **श्रम की संकल्पना** | | **विषय** |
|---|---|---|
| a. | श्रम की पण्य संकल्पना | i. नियोक्ता द्वारा श्रम को, उद्योग में अधिकतर परिचालित संगठनों के रूप में देखा जाता है । |
| b. | श्रम की मशीनरी संकल्पना | ii. श्रमिकों को नियम एवं शर्तों से संबंधित परामर्श का अधिकार है, जिसके अंतर्गत वे काम करते हैं । |
| c. | श्रम की सद्भाव संकल्पना | iii. श्रम, आपूर्ति और मांग के नियम द्वारा प्रभावित है । |
| d. | श्रम की नागरिकता संकल्पना | iv. नियोक्ता द्वारा श्रम की ओर पैतृक दृष्टिकोण । |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | ii | iv | iii | i |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी श्रम बाजार की विशेषता नहीं है ?

(A) यह मूलत: स्वभाव से क्षेत्रीय है ।

(B) यह एकाधिकार-संबंधी नहीं है ।

(C) यह पदार्थ और पूँजी बाजार की अपेक्षा कम गतिमान है ।

(D) श्रम बाजार में मोनोस्पोनी, एकाधिकार की अपेक्षा कम प्रचलित है ।

**48.** निम्नलिखित मजदूरी के सिद्धांतों में से कौन 'मजदूरी के लौह नियम' के रूप में जाना जाता है ?

(A) जीविका सिद्धांत (B) जीवन-स्तर सिद्धांत

(C) मजदूरी कोष सिद्धांत (D) अवशिष्ट दावेदार सिद्धांत

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा कारक मजदूरी विभेदक नहीं है ?

(A) गैर-प्रतिस्पर्धी समूहों के अस्तित्व के कारण विभेद

(B) गैर समकारी विभेद

(C) श्रम गुणवत्ता में विभेद

(D) श्रम बाजार पूर्णता

**50.** किसके आधार पर मुद्रा मजदूरी को वास्तविक मजदूरी में बदला जा सकता है ?

(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (B) थोक मूल्य सूचकांक

(C) खुदरा मूल्य सूचकांक (D) मुद्रा विनिमय दर

CAREERINDIA

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com